प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

14.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

"आज के मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों को वितरित किए ऋण।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के भोरंज व गगरेट में पूर्व सैनिकों के लिए जल्द खुलेंगे ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक।
- केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हिमाचल के लिए मंजूर किए 3 हजार 6 सौ 67 घर।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पालमपुर–जयसिंहपुर और सुलह विधानसभा क्षेत्रों में करीब 5 सौ 9 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।

अब समाचार विस्तार से..........

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पीएम–स्वनिधि योजना रेहड़ी–पटरी वालों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है। उन्होंने आज दिल्ली में पीएम स्वनिधि लाभार्थियों को संबोधित किया। नरेन्द्र मोदी ने इस योजना के तहत एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों को ऋण वितरित किये जिनमें दिल्ली के पांच हजार रेहड़ी पटरी वाले भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने कोविड के दौरान रेहड़ी–पटरी वालों की ताकत देखी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का स्वनिधि महोत्सव उन लोगों को समर्पित है जो हमेशा सबके आसपास रहते हैं और जिनके बिना लोग अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने रेहड़ी–पटरी वालों और सड़क किनारे दुकानदारों को समाज में उनके योगदान के लिए बधाई दी।

अनुराग ठाकुर

सूचना व प्रसारण और युवा व खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के आज पहले दिन देहरा व सुजानपुर विधानसभा क्षेत्रों में नशामुक्ति अभियान के तहत आयोजित बाईक रैली कर युवाओं को एक हजार हैलमेट बांटे। इसके बाद उन्होंने धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान के तहत 6 जनसभाओं को सम्बोधित किया। अनुराग ठाकुर ने संधोल–कोथवान–धलारा–झंगी–मढ़ी और कमलाह में लोगों से सीधा संवाद किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भोरंज और गगरेट में जल्द ही पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक खोले जाएंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि उन्होंने हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष ये मांग रखी

थी जिसे आज मोदी सरकार ने पूरा किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने हिमाचल को हर सम्भव सहायता प्रदान की है और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आज केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने उनके आग्रह पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए तीन हजार 6 सौ 67 घरों की मंजूरी दी है। अनुराग ठाकुर ने इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ग्रामीण विकास मंत्री गिरीराज सिंह का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में एक वर्ष में लगभग 20 हजार से ज्यादा घर बनाने के लिए केन्द्र ने धनराशि मुहैया करवाई है लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता को झूठ बोलकर गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

अनुराग ठाकुर ने युवाओं से नशे से दूर रहते हुए अपनी भागीदारी विकसित भारत के निर्माण में सुनिश्चित करने का आहवान किया। अनुराग ठाकुर ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करने के उद्देश्य से उन्होंने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में बाईक रैलियों का आयोजन किया है। इससे पहले लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा पांचवीं बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने के बाद अनुराग ठाकुर का धर्मशाला में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवी बार लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि वे केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रवादी नीतियों को जन–जन तक ले जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल की सभी 4 लोकसभा सीटें जीता कर 4 सौ पार के संकल्प में देवभूमि हिमाचल का योगदान सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के पालमपुर, जयसिंहपुर और सुलह विधानसभा क्षेत्रों में 5 सौ 9 करोड़ 18 लाख की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। इनमें जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल एक सौ 40 करोड़ 67 लाख, पालमपुर क्षेत्र में 3 सौ 2 करोड़ 51 लाख और सुलह विधानसभा क्षेत्र में लगभग 66 करोड़ के विकास कार्य शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पालमपुर में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए पालमपुर में बीडीओ कार्यालय परिसर, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय कार्यालय निर्माण के लिए समुचित धन का प्रावधान करने का आश्वासन दिया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से कांगड़ा जिला का विकास विशेष प्राथमिकता रही है और इसी दिशा में अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर आम आदमी के विश्वास के लिए धन का प्रावधान कर रही है जबकि कुछ लोग पैसा खर्च कर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पूरे पांच साल जन सेवा करेगी और ईमानदारी के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल भी मौजूद रहे।

सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री ने शिमला के हनुमान मंदिर जाखू में 2 हजार 4 सौ 55 मीटर की उंचाई पर हिमाचल के पहले आउटडोर एस्केलेटर का आज उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए एस्केलेटर के दोनों तरफ सुरक्षा ब्रेक के साथ एस्केलेटर डबल ड्राईव के साथ बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्किंग स्थल से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को एस्केलेटर लगने से काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

भेंट

जेओए आई टी पोस्ट कोड 817 के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उनके शिमला स्थित सरकारी आवास ओक ओवर में भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने इस पोस्ट कोड की परीक्षा का परिणाम घोषित करने के निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के कल्याण और उनके हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है और इस दिशा में निरन्तर सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेओए आईटी परीक्षा का परिणाम घोषित करने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने विभिन्न कानूनी पहलुओं का अध्ययन किया और विधि विशेषज्ञों का परामर्श भी लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ सरकार दृढ़ता से निर्णय लेकर निरन्तर आगे बढ़ रही है।

राजेश धर्माणी

नगर नियोजन, आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने शिमला में नगर नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर नियोजन के लिए एतिहासिक महत्व के पहलुओं पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए जैसे कि हमारे पूर्वज अतीत में करते थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योजना बनाते समय हितधारकों के सुझावों को विशेष अधिमान देना चाहिए न कि मापदंडों को उन पर थोपा जाए। राजेश धर्माणी ने कहा कि विकासात्मक योजनाओं में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के पहलुओं का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने भर्ती व पदोन्नति नियमों में आवश्यक सुधार व उन्हें अद्यतन करने के निर्देश भी दिए।

अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी वर्गों के विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दधोगी में लगभग 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित कडयाह स्थित राजकीय माध्यमिक पाठशाला भवन का लोकार्पण करने के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा पाठ्यक्रमों को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। संजय

अवस्थी ने कहा कि राज्य सरकार गरीब मेधावी छात्रों को व्यावसायिक व उच्च शिक्षा के लिए कम दरों पर ऋण सुविधा भी प्रदान कर रही है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन भर बादल छाए रहे जबकि जनजातीय जिला लाहौल स्पिति में बर्फबारी का समाचार है। बर्फबारी से मनाली केलंग सड़क मार्ग अवरुद्ध है और घाटी की अंदरूनी सड़कों पर भी बर्फ जमने से सफर जोखिम भरा बना हुआ है। हालांकि बीआरओ द्वारा बर्फबारी से बंद सड़क मार्गों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। बीआरओ के 70 आर सी सी ने सर्दियों के इस मौसम में तांदी–दारचा सड़क को आवाजाही के लिये बहाल रखा और अब मनाली–लेह सड़क मार्ग को दारचा से आगे खोलने के कार्य में जुटे हुए हैं। लाहौल घाटी के लोगो का कहना है कि दिसम्बर व जनवरी माह में होने वाली बर्फबारी से ग्लेशियर रिचार्ज होते है और मार्च की बर्फबारी से भूस्खलन की घटनाएं होती हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की सम्भावना जताई है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों को वितरित किए ऋण।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के भोरंज व गगरेट में पूर्व सैनिकों के लिए जल्द खुलेंगे ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक।
- केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हिमाचल के लिए मंजूर किए 3 हजार 6 सौ 67 घर।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पालमपुर–जयसिंहपुर और सुलह विधानसभा क्षेत्रों में करीब 5 सौ 9 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।

नमस्कार।